06.04.2045 आकाशवाणी, भोपाल 7.10PM

प्रादेशिक समाचार
सांध्यकालीन समाचार

## मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक पम्बन रेल पुल 'सी लिफ्ट' ब्रिज का किया उद्घाटन।

2- रामनवमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया, अयोध्या में भगवान राम का किया गया सूर्य तिलक।

3- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले– शराबबंदी का निर्णय हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और जनआस्था का सम्मान है।

प्रधानमंत्री–तमिलनाडु यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ऐतिहासिक पम्बन रेल पुल 'सी लिफ्ट' ब्रिज का उद्घाटन किया। इस दौरान श्री मोदी ने आठ हजार तीन सौ करोड़ रुपये की रेल और सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। यह पुल जहाजों के आवागमन के द्वारा खोला जा सकता है, फिर इसे बंद कर दिया जाये तो यहां से ट्रेन दौड़ सकती है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस साल में सरकार ने देश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए समर्पित प्रयास किए हैं। श्री मोदी न कहा कि तमिलनाडु के विकास ने राष्ट्र के विकास में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन आध्यात्मिकता को विज्ञान से जोड़ने का प्रतीक है।

केंद्रीय कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले में विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन किया। केन्द्रीय मंत्री ने सागर मार्ग पर स्थित ग्राम खंडेरा में प्रसिद्ध छोले वाली देवी के दरबार में दर्शन किए एवं कन्या पूजन किया। इसके पश्चात भाजपा के बूथ सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होते हुए सभा को सम्बोधित किया। इसके पश्चात रायसेन जिले के गैरतगंज प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण भूमि पूजन आईआईटी भवन का लोकार्पण रामपुरा सब स्टेशन का लोकार्पण और नगर पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। श्री चौहान ने कहा कि विकास और भारतीय जनता पार्टी एक दूसरे के पर्याय है। आज चारों तरफ देश में विकास का महायज्ञ मोदी के नेतृत्व में चल रहा है। वैभवशाली गौरवशाली समृद्धशाली भारत का निर्माण विकसित भारत का निर्माण हो रहा है। विकास समृद्धि के बिना नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा की वक्फ कानून कल्याण के लिए है।

रामनवमी अयोध्या

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आज रामनवमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में अलग–अलग जगहों पर मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्री राम जी की जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम का सूर्य तिलक ठीक बारह बजे हुआ, जिसे देखने हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राम नवमी हमें धर्म, न्याय और कर्तव्य की भावना का संदेश देती है।

चैत्र नवरात्र, रामनवमी, मध्यप्रदेश

प्रदेश के ओरछा में राजा राज की विशेष पूजा अर्चना की गई। राजधानी भोपाल में प्राचीन कटारा मंदिर में ग्राम रापड़िया से 4 किलोमीटर की यात्रा निकाली गई। विधायक रामेश्वर शर्मा ने 2000 रामचरितमानस का भी वितरण किया। जबलपुर के देवी मंदिर नुनहाई, सुनहरहाई, बूढ़ी खेरमाई, मदनमहल क्षेत्र स्थित प्राचीन राम मंदिर में सुबह से ही भीड़ उमड़ी। गुना शहर के टेकरी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना हुई। पन्ना संवाददाता ने बताया कि जिले में स्थित ऐतिहासिक राम जानकी मंदिर मे भगवान राम प्रकटटोत्सव पर मंदिर मे भारी भीड़ देखी गई। वहीं, अशोकनगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। राम लला निकले राम लला 50 किलो चांदी के बने विमान में विराजित होकर नगर में भ्रमण पर निकले। धार में प्रसिद्ध गढ़ कालिका मंदिर, अमझेरा के अमका–झमका मंदिर, मांडू के चतुर्भुज श्री राम मंदिर में चैत्र नवरात्रि और राम नवमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छिंदवाड़ा में यह पर्व ग्रह नक्षत्रों के शुभ संयोग में विशेष तरीके से मनाया गया।

मुख्यमंत्री मैहर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन और रामनवमी के मौके पर मैहर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले को 70 करोड 99 लाख 84 हजार रुपये लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन–पूजन किया और आमसभा को संबोधित किया। जन आशीर्वाद यात्रा में सहभागिता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा धार्मिक नगरों में शराबबंदी का निर्णय केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और जनआस्था का सम्मान है।

स्थापना दिवस भाजपा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यालय में आज भाजपा का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के सफर को याद करते हुए कहा कि भाजपा एक राजनीतिक आंदोलन है जो राष्ट्र के पुनर्निर्माण की दिशा में काम कर रहा है। प्रदेश में स्थापना दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम भाजपा के प्रदेश कार्यालय भोपाल में आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भारतमाता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराया। उन्होंने कह कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई

है। गौरतलब है कि जनसंघ के बाद 1980 में 6 अप्रैल को ही स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी।

सावधान, अंतर्राज्जीय गिरोह

बैतूल जिले में असली सोने की गिन्नी दिखाकर नकली गिन्नियां बेचने वाले अंतर्राज्जीय गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने दबोचा है। आरोपियों और उनके साथियों ने मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान और उत्तरप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। आरोपियों के कब्जे से बीजादेही पुलिस ने 240 नकली गिन्नियां, सोने के नकली आभूषण सहित 2 मोबाइल भी बरामद किए हैं। एडीशनल एसपी कमला जोशी ने बताया कि 5 अप्रैल को थाना बीजादेही क्षेत्रांतर्गत ग्राम झिरियाडोह के जंगल में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ग्रामीणों को नकली सोने की गिन्नियां असली बताकर भारी कीमत पर बेचने का प्रयास किया था। पुलिस ने नागरिकों को सलाह दी है कि लालच में आकर ऐसे लुटेरों से सावधान रहना चाहिए, उनकी बातों में नहीं आना चाहिए।

समाचार संक्षेप में .....

–सीहोर जिले में जिला शतरंज संघ द्वारा एक दिवसीय ओपन एमपी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्वालियर के रुपेश कांत ने सबसे अधिक 6.5 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया।

– खंडवा जिले की ग्राम पंचायत मोरटक्का माफी स्थिति पवित्र तीर्थ स्थल खेड़ी घाट पर जनसहयोग से खेड़ी घाट की साफ सफाई की गयी एवं जल शपथ ली गयी और प्लास्टिक मुक्त का संदेश दिया गया।

–खण्डवा में भगवान विष्णु के छटवे अवतार, प्रत्येक भारतीय के आराध्य देव भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर बड़बम स्थित राम मंदिर से भव्य राम रथ यात्रा निकली गई।

–झाबुआ में नवीन अनमोल एप्लीकेशन एवं आरसीएच पोर्टल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पोर्टल गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के ऑनलाइन पंजीकरण के संबंध में बनाया गया है।

– आगर मालवा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 3 करोड़ 44 लाख की लागत से होने वाले रत्नसागर तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन मंत्री नागर सिंह चौहान ने किया।

– अशोकनगर से गुजरने वाली ग्वालियर–भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस अब सप्ताह के सातों दिन चलेगी, यह ट्रेन बुधवार व रविवार को छोड़कर 5 दिन चलती थी। केंद्रीय मंत्री तथा गुना–शिवपुरी–अशोकनगर सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्विटर के माध्यम से रेल मंत्रालय के इस निर्णय का स्वागत किया है।

– प्रदेश में तेज गर्मी ने दस्तक दे दिया है। रविवार को अधिकांश जिलों में सूरज की तपिश महसूस हुई। सोमवार को भी तेज गर्मी पड़ने का अनुमान जारी किया गया है।

————